दिनांकः 08.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनज़र उपजे घटनाक्रम के बीच सरहद से लेकर राजधानी तक सरगर्मियां बढ़ीं–प्रधानमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक ली।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा–भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के लिए कोई सीमा बाधा नहीं बनेगी।
- भारत–पाक तनाव के बीच प्रदेशभर में हाई अलर्ट–सरहदी जिलों में विशेष सतर्कता–प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने रीट का परिणाम घोषित किया–6 लाख 36 हजार परीक्षार्थी उत्तीर्ण।
- बूंदी में आज एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु–बीकानेर गैस सिलेंडर हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हुई।

**000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर आज विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालय की योजना और तैयारी की समीक्षा की और मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर की संस्थाओं के साथ समन्वय बनाए रखने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के संवेदनशील दौर से गुजरने के दौरान निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान किया। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना तथा प्रसारण, बिजली, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल हुए।

000

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में राजनीतिक दलों को जानकारी दी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया।

मीडिया से बात करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को रचनात्मक बताया और कहा कि हर नेता ने देश के सामने मौजूदा चुनौती को समझते हुए जिम्मेदारीपूर्वक अपने विचार प्रकट किये।

-------------

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

-------------

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ऐसे ही विचार प्रकट किये। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा, कांग्रेस पार्टी, शिवसेना, सीपीआईएम, बीजू जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल नेता समेत कई नेता भी शामिल हुए।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा है कि देश को सेना पर गर्व है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को गौरवशाली बताते हुए देशवासियों को आश्वस्त किया कि भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के

लिए कोई सीमा बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत, भविष्य में भी ऐसी जिम्मेदाराना कार्रवाईयों के लिए पूरी तरह तैयार है।

-------------

000

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान द्वारा बीती रात देश के उत्तर और पश्चिमी भागों में एयरबेस स्टेशन पर हमले की कोशिश को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। सीमापार से राजस्थान के उतरलाई, फलौदी और नाल एयरबेस सहित देश के 15 एयरबेसेज़ पर हमला करने का प्रयास किया गया। इनमें अवंतिपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ और भुज एयरबेस शामिल हैं। इंटिग्रेटिड काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को निष्प्रभावी कर दिया।

पाक सेना द्वारा प्रदेश के उतरलाई, फलौदी और नाल में हवाई हमले की नाकाम कोशिश के बीच, जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और झूठी खबरों तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि शहर में पुलिस गश्त बढा दी गई है ।

-------------

फलौदी से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां हालिया घटनाक्रम के बाद सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और आपदा प्रबंध दलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

-------------

000

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद राज्य सरकार हाई अलर्ट मोड पर है। गृह विभाग ने राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन जारी कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टरों से आपात स्थिति में उनके यहां अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, चिकित्साकर्मियों को ड्यूटी पर तैयार रहने, ब्लड बैंकों में सभी ब्लड ग्रुप का पर्याप्त भंडारण रखने को कहा गया है। इसके अलावा ऐसे स्कूल चिन्हित करने के निर्देश दिये गये हैं, जहां अस्थायी अस्पताल और राहत शिविर बनाए जा सकें।

सरकार ने सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिये गए हैं। गाइडलाइन में रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिये गये हैं। कालाबाजारी रोकने पर भी नजर रखने को कहा गया है।

सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधिकारियों को सेना और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क और समन्वय बनाए रखने को कहा गया है। सरकार ने पाकिस्तान बॉर्डर से सटे गांवों के लिए भी आपातकालीन निकासी योजना तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने जनता से संयम बनाए रखने और सभी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित रखने की अपील की है।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि रीट लेवल वन का परिणाम 62 दशमलव तीन तीन प्रतिशत और लेवल टू का 44 दशमलव छह नौ प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि दोनों में 50 दशमलव सात–सात प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। तीनों स्तरों में कुल 6 लाख 36 हजार 68 अभ्यर्थी पास हुए हैं।

000

बूंदी में आज एक सड़क दुर्घटना में ट्रेक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पटल जाने से पांच लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गए, जिन्हें बूंदी और कोटा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के शिकार लोग चौतरा का खेड़ा गांव के रहने वाले थे और एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। राजमार्ग 27 पर मांटुंदा गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ये

हादसा हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

000

बीकानेर के कोतवाली क्षेत्र के मदान में हुए कल हुए गैस सिलेंडर हादसे में मृतकों की संख्या बढकर आठ हो गई है। आज घटना स्थल से पांच और शव निकाले गए, जबकि कल तीन शव बरामद किये गये। गौरतलब है कि कल क्षेत्र में स्थित एक दुकान में ज़ेवर बनाने के काम के दौरान सिलेंडर में लिकेज से विस्फोट हो गया था।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी घटना को अत्यंत दु:खद और हृदयविदारक बताते हुए संवेदना व्यक्त की है।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियां दर्ज की गईं। बीते कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव से बैसाख महीने में भी ठंडक का अहसास होने लगा है। लोगों को बढते तापमान से निजात मिली है। वहीं हीटवेव की स्थिति भी फिलहाल समाप्त हो गई है। आज राजधानी जयपुर सहित पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर बारिश हुई। सवाईमाधोपुर और आस–पास के इलाकों में भी आज बरसात होने से मौसम खुशनुमा बना रहा। चूरू में ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर वर्षा हुई। उदयपुर संभाग में भी दिनभर बादल छाए रहे और ठण्डी हवाएं चलती रहीं।

000